आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

बर्ष :13 अंक :420 पृष्ठ -4 दिनांक 07 मार्च 2025 दिन शुक्रवार

यूपी बोर्ड परीक्षा छठवें दिन 16 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने छोड़ा एग्जाम

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं छठवें दिन भी शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई हैं. यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का बुधवार को छठवां दिन था. बुधवार को भी पहली पाली में हाई स्कूल की मानव विज्ञान और इंटरमीडिएट की उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, असमी,उड़िया, कन्नड़,सिंधी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और नेपाली की परीक्षा थी.दूसरी पाली में हाईस्कूल की एनसीसी और इंटरमीडिएट की इतिहास की परीक्षाएं थी. दोनों पालियों में होने वाली परीक्षाओं के लिए 2 लाख 79 हजार 63 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे. इनमें से 16 हजार 714 स्टूडेंट अनुपस्थित रहे. वहीं आज की परीक्षा में दोनों पालियों में 02 लाख 62 हजार 7349 स्टूडेंट ही शामिल हुए हैं. आज हुई परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई.कहीं से किसी गड़बड़ी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है. बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में नकल करते हुए कोई परीक्षार्थी नहीं पकड़ा गया है. 24 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा में अब तक कुल 12 स्टूडेंट नकल करते हुए पकड़े गए हैं. वहीं छठे दिन कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं करानी पड़ी है. यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अब तक कल 39 एफआईआर दर्ज कराई गई है. यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी है. गुरुवार को यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का सातवां दिन है. बोर्ड परीक्षा के सातवें दिन पहली पाली में हाईस्कूल की खुदरा व्यापार औरइंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन और नृत्य कला विषय की परीक्षा होगी. हाईस्कूल के खुदरा विषय में 41 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं. जबकि इंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन और नृत्य कला विषय में 08 हजार 517 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं. पहली पाली मेंहाई स्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर 08 हजार 558 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे. वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल के मोबाइल रिपेयर विषय में 01 परीक्षार्थी परीक्षा देगा. जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र व तर्क शास्त्र विषय में 18 लाख 40 हजार 276 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे.

महाकुंभ : 130 नाव चलवाकर 30 करोड़ .रुपए कमाने के दावे का सामने आया

प्रयागराज महाकुंभ तमाम लोगों के लिए मोटी कमाई का भी जरिया बना था. महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के एक नाविक परिवार ने 30 करोड़ रुपए कमाए. इस परिवार के बारे में सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में दिए गए अपने भाषण में जिक्र किया था. सीएम योगी ने कहा था कि इस परिवार के पास 130 नाव थी और परिवार ने 30 करोड़ रुपए की कमाई की है. मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज के अरेल इलाके के रहने वाले महरा परिवार का नाम लिए बिना उसके बारे में बातें कहीं थी. मुख्यमंत्री के बयान के बाद एबीपी न्यूज की टीम इस परिवार से मिलने पहुंची. यह महरा परिवार प्रयागराज के अरेल इलाके में रहता है. महरा परिवार के मुखिया पिंटू महरा और परिवार के दूसरे सदस्यों ने बताया कि अकेले उनके पास ही 130 नाव हैं. उन्होंने कहा कि इनमें से 70 नाव उन्होंने महाकुंभ से ठीक पहले तैयार कराई थी. महरा परिवार ने बताया कि इस महाकुंभ में उन्हें उम्मीद से ज्यादा कमाई हुई है. उन्होंने जितना सोचा था उससे कई गुना ज्यादा कमाई हुई है. हालांकि परिवार का कहना था कि 30 करोड़ की कमाई नहीं हुई है. परिवार ने कमाई का सही आंकड़ा देने से मना किया है.महरा परिवार ने कहा कि मोटी कमाई के लिए परिवार ने महाकुंभ में सीएम योगी आदित्यनाथ के मैनेजमेंट को जिम्मेदार बताया है. आस्था के मेले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह का शानदार मैनेजमेंट किया था, उसकी वजह से ही 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आए थे. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की वजह से ही परिवार को इस बार ज्यादा कमाई हुई है.परिवार का यह भी दावा है कि उन्हें ज्यादा कमाई श्रद्धालुओं द्वारा किए गए दान और उपहार की वजह से हुई है. सरकार द्वारा निर्धारित किराए से ज्यादा कमाई श्रद्धालुओं द्वारा दी गई बख्शीश से हुई है. परिवार का दावा है कि इस बार के महाकुंभ में हर नाविक ने अच्छी कमाई की है. सभी को कई लाख रुपए कमाने का मौका मिला है. परिवार ने अपनी कमाई की वजह से सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है. परिवार चाहता है कि अगले कुंभ और महाकुंभ से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ देश के प्रधानमंत्री बने. प्रधानमंत्री रहते हुए वह कुंभ और महाकुंभ के लिए इससे भी बेहतर व्यवस्थाएं कराएं. महरा परिवार ने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा महाकुंभ के दौरान नविकों का उत्पीड़न और शोषण किए जाने के आरोपों को भी गलत बताया है. परिवार ने कहा है कि अखिलेश यादव ने गलतबयानी की है. परिवार ने कहा है कि सरकार ने इस बार सभी नविकों की बहुत मदद की है.

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में घर, प्रतिष्ठान व सरकारी परिसरों में क्यूआर कोड लगेंगे

लखनऊ : स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में घर, प्रतिष्ठान व सरकारी परिसरों में क्यूआर कोड लगेंगे। इसे मौके पर आए कर्मचारी कूड़ा उठाने के बाद मोबाइल से स्कैन करेंगे। इससे कूड़ा उठान और उनकी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज होगी। इस हाईटेक व्यवस्था के लिए पंचायती राज विभाग का आरआरसी मोबाइल सर्वेक्षण एप लांच किया है। इससे स्वच्छता के कार्य, उनकी प्रगति व उपयोग को ट्रैक किया जाएगा।इस एप का परीक्षण एक माह पहले लखनऊ के गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बक्कास में 20 घरों से कूड़ा उठान करके किया गया था। होली बाद प्रदेश की 57,691 ग्राम पंचायत में इसे लागू किया जाएगा। एप में नियमित गीला व सूखा कूड़ा उठान की ऑनलाइन रिपोर्ट फीड होगी। कर्मचारियों की उपस्थिति पता चलेगी कि उनके द्वारा कितने घर व प्रतिष्ठानों से कूड़ा उठाया गया और किन जगहों पर वह नहीं गए। एप से यह भी पता चलेगा कि घर व प्रतिष्ठानों से उठाया गया कूड़ा निस्तारण के लिए पंचायतों पर बने आरआरसी सेंटर में कब और किस समय भेजा गया। इसके अलावा एप पर डंप और निस्तारित गीला व सूखा कूड़ा की अलग–अलग फोटो समेत प्रतिदिन रिपोर्ट भरी जाएगी। प्रदेश स्तरीय इस कार्य की मॉनीटरिंग पंचायत राज मुख्यालय व जिलों पर डीपीआरओ करेंगे।एप का लॉगिन यूजर पंचायत सहायक होगा। वह कूड़ा उठाने वाले घर, प्रतिष्ठान, स्कूल समेत सभी निजी व सरकारी भवनों का नाम समेत विवरण एप पर फीड करेगा। एप से परिवार, दुकानें, व्यवसायिक गतिविधियां, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएचसी, पीएचसी, आरआरसी सेंटर, कूड़ा उठान के वाहन, इंचार्ज, वाहन चालक जीओ टैग करके जोड़ा जाएगा। इसी डेटाबेस पर क्यूआर कोड बनाकर दीवारों पर चस्पा करेंगे। ग्रामीण इलाकों में साफ–सफाईकूड़ाउठान कीमॉनीटरिंग करने की व्यवस्था नहीं थी। अब ये एप से की जाएगी। इससे नियमित होने वाले कार्यों की जानकारी होगी और पारदर्शिता आएगी। होली बाद यह व्यवस्था शुरू करेंगे।

रायबरेली: विकलांग पति को पीठ पर लादकर इधर–उधर भटकती रही महिला, नहीं मिला व्हील चेयर

रायबरेली के सीएमओ ऑफिस का एक वीडियो सामने आया जो व्यवस्था की पोल खोलकर रख दे रहा है. यहाँ एक महिला अपने दिव्यांग पति का विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिये उसे पीठ पर लादकर इधर उधर भटकती दिख रही है. महिला अपने पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिये सीएमओ ऑफिस आई थी. दरअसल सोमवार को सीएमओ ऑफिस में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का साप्ताहिक दिन निर्धारित किया गया है. पहली बार सीएमओ ऑफिस आई महिला को जानकारी नही थी कि उसे पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिये इतनी मुश्किलें झेलनी पड़ेगी. ऑफिस में मेडिकल के लिये उसे इधर से उधर तहलाया गया जिसमें उसे मजबूरन पति को पीठ पर लादकर इधर से उधर भटकना पड़ा. यहाँ व्हील चेयर की व्यवस्था नही थी.थाना हरचंदपुर क्षेत्र देदोर की रहने वाली रिंकी ने बताया कि वह सोमवार को पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिये सीएमओ कार्यालय आई हुई थी. व्हील चेयर की कोई व्यवस्था न होने के कारण उसे मजबूरी में पति को पीठ पर लादकर करके इधर से उधर जाना पड़ा. वह चाहती हैं कि सीएमओ ऑफिस में उसके पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बन जाये और यहाँ जो भी अव्यवस्था है उसमें सुधार किया जाए ताकि यहाँ दिव्यांग को सुविधा मिल सके. इस मामले में सीएमओ डॉ नरेश चन्द्रा का कहना है कि सोमवार को एक महिला अपने पति का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए सीएमओ ऑफिस आई थी. सीएमओ ऑफिस में दिव्यांग प्रमाण पत्र कार्यालय के बाहर व्हीलचेयर की सुविधा दी गई है. हो सकता है उस दिन उस महिला को वह व्हील चेयर दिखाई न दिया हो या उसने किसी से पूछा ना हो. बाकी सोमवार के दिन सभी दिव्यांग यहाँ आते हैं उन सभी को यह जानकारी है कि यहाँ व्हीलचेयर की सुविधा रखी गई है.

अमेठी: शराब बिक्री का लाइसेंस पाने के लिए आगे आईं महिलाएं, 21 से 85 साल तक महिलाओं ने किया आवेदन

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भले ही महिलाये शराब बिक्री का विरोध करतीं हो लेकिन अमेठी में आबकारी दुकान का लाइसेंस पाने के लिए महिला बढ़कर चढ़कर आगे आई हैं. 21 साल से लेकर 85 साल की बुजुर्ग महिलाओं ने शराब बिक्री दुकानों के लिए आवेदन किया है. जिले के आबकारी विभाग की माने तो आवेदन करने वालों में 40 प्रतिशत महिलाएं है. दरअसल प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति की मदद से रोजगार की तलाश में जुटी महिला अब शराब का लाइसेंस पाने की जुगत में है. अब तक शराब पीने और बिक्री का विरोध करने वाली महिलाओं ने बढ़कर चढ़ कर आवेदन कर लोगों की मानसिकता बदल दी है. आबकारी विभाग की तरफ से एक मॉडल शॉप समेत 85 कंपोजिट, 142 देशी शराब और सात भांग की दुकान के लिए आवेदन मांगा गया था. आवेदन में भारी भरकम फीस भी वापस नहीं होने के बावूजद विभाग के पास 1307 लोगों ने 2907 आवेदन किया.

क्रिकेटर मोहम्मद शमी के पवित्र रमजान में रोजा नहीं रखने पर मौलाना शहाबुद्दीन भड़के

क्रिकेटर मोहम्मद शमी इन दिनों दुबई में हैं और टीम इंडिया के ओर से चौंपियन ट्रॉफी खेल रहे हैं. इस दौरान रमजान का महीना चल रहा है, लेकिन उनके रोजा नहीं रखने पर अब सियासत शुरू हो गई है. बरेली में मौलाना शहाबुद्दीन ने क्रिकेटर की रोजा नहीं रखने पर कड़ी आलोचना की है. मौलाना ने कहा कि रोजा रखना इस्लाम में फर्ज करार दिया गया है.

उत्तराखंड में मंत्रिमंडल के विस्तार के संकेत, 4 पद खाली, PM मोदी के दौरे के बाद होगा फैसला

उत्तराखंड में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट में चार मंत्री पद रिक्त हैं, जिन पर नियुक्ति को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं. इन अटकलों को और बल तब मिला जब खबर आई कि भाजपा प्रदेश संगठन ने इस मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को सौंप दी है. अब सभी की निगाहें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 6 मार्च को प्रस्तावित उत्तरकाशी दौरे पर टिकी हैं. माना जा रहा है कि उनके दौरे के बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अंतिम फैसला लिया जा सकता है.उत्तराखंड सरकार में कुल 12 मंत्रियों की क्षमता है, जिसमें मुख्यमंत्री सहित अभी 8 मंत्री काम कर रहे हैं. यानी अभी भी चार पद खाली हैं. इनमें से तीन पद सरकार बनने के समय से ही रिक्त हैं, जबकि चौथा पद एक मंत्री के निधन के बाद खाली हुआ था. अब जब 2024 का लोकसभा चुनाव करीब है, तब इन खाली पदों को भरने के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं.भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान को रिपोर्ट भेजी है. प्रदेश संगठन स्तर पर गहन मंथन के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई है. इस रिपोर्ट में संगठन और सरकार के संतुलन को ध्यान में रखते हुए संभावित नामों का भी सुझाव दिया गया है. हालांकि, अंतिम निर्णय भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को ही लेना है.भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इस विषय पर संकेत देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार कभी भी हो सकता है. उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री और प्रदेश नेतृत्व अपनी रिपोर्ट भेज चुके हैं और अब इस पर अंतिम फैसला भाजपा हाईकमान को लेना है. किसे मंत्री बनाया जाएगा और किसे हटाया जाएगा, यह पूरी तरह से केंद्र के विवेक पर निर्भर है उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से राजनीति में हलचल काफी बढ़ गई है. भाजपा के कई नेताओं के बयान चर्चा का विषय बने हुए हैं. कई जगहों पर इन बयानों का विरोध भी हो रहा है. इन राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा संगठन इस मामले को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है. इसीलिए पार्टी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी है, ताकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया जा सके 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तरकाशी दौरे पर हैं. माना जा रहा है कि उनके इस दौरे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कैबिनेट का विस्तार करेंगे और उसमें कुछ नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं. कुछ मौजूदा मंत्रियों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल होने की संभावना है.पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा संगठन यह भी देख रहा है कि किन नेताओं को मंत्री पद देकर लोकसभा चुनाव की रणनीति को मजबूत किया जा सकता है. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मंत्रिमंडल में नए चेहरों को शामिल किया जाता है या फिर पुराने नेताओं को ही आगे बढ़ाया जाता है.मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इससे पहले भी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया था. उन्होंने गृह, सूचना, राजस्व सहित 21 विभाग खुद के पास रखे हैं.

वहीं, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल को वित्त मंत्रालय, सतपाल महाराज को पर्यटन मंत्रालय और सुबोध उनियाल को वन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. अब अगर मंत्रिमंडल विस्तार होता है, तो नए मंत्रियों के साथ–साथ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव हो सकता है.भाजपा के लिए उत्तराखंड में मंत्रिमंडल विस्तार केवल सरकार के लिए नहीं, बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति के लिए भी महत्वपूर्ण है. पार्टी राज्य के जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को संतुलित करने की कोशिश करेगी. इसके साथ ही, चुनावी मजबूती के लिहाज से ऐसे चेहरों को मौका दिया जा सकता है, जो पार्टी के लिए 2027 के विधान सभा चुनाव में फायदेमंद साबित हो.हालांकि अभी तक संभावित नामों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कई नामों की चर्चा जोरों पर है. क्षेत्रीय संतुलन और जातीय गणित को देखते हुए कुछ नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है. अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तरकाशी दौरे के बाद भाजपा नेतृत्व क्या निर्णय लेता है और उत्तराखंड की सियासत में क्या बदलाव होते हैं? मंत्रिमंडल विस्तार न केवल सरकार के लिए, बल्कि आने वाले चुनावों के लिए भी एक बड़ा राजनीतिक फैसला साबित हो सकता है.

मथुरा के बाजार में दिनदहाड़े महिला से लूट की घटना सामने आई

मथुरा के बाजार में दिनदहाड़े महिला से लूट की घटना सामने आई है। बदमाशों ने महिला के कानों से कुंडल छीन लिए। विरोध करने पर उन्होंने महिला के साथ मारपीट भी की, जिससे उसके हाथ में चोट आई।घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित महिला ने बताया कि वह मंगल बाजार में आई थी। इसी दौरान बदमाशों ने उसे घेर लिया और कुंडल लूट लिए। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की।स्थानीय लोगों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि दिन में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस मिशन शक्ति अभियान चला रही है, लेकिन अपराध रुक नहीं रहे हैं।क्षेत्रवासियों ने महिला सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

हाथरस में मौसम परिवर्तन का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से दिख रहा

हाथरस में मौसम परिवर्तन का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से दिख रहा है। दिन में धूप और रात में सर्दी के कारण बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में प्रतिदिन 200 से अधिक बच्चे पहुंच रहे हैं। ये सभी खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित हैं।नवजात बच्चे भी इन्हीं बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण बच्चों में ये बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने अभिभावकों को सावधान रहने की सलाह दी है।डॉक्टर ने कहा कि यह जाती हुई सर्दी का समय है। अभिभावक बच्चों की देखभाल में लापरवाही न करें। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। उन्हें ठंडी चीजों से दूर रखें। घर का तापमान नियंत्रित रखें। सीधी ठंडी हवा से बचाएं। पर्याप्त जलयोजन बनाए रखें। चिकित्सकों का कहना है कि इन सावधानियों को अपनाकर बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है।

हाथरस के सहपऊ कस्बे में करीब 4 साल पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास और विद्यालय की इमारत बनी

हाथरस के सहपऊ कस्बे में करीब 4 साल पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास और विद्यालय की इमारत बनी थी।यह विद्यालय गरीब तबके की छात्राओं को कक्षा 9 से 12वीं तक निरूशुल्क शिक्षा और रहने की सुविधा देने के लिए बनाया गया था।लेकिन आज तक एक भी छात्रा इस स्कूल में नहीं पढ़ रही है। देखभाल के अभाव में इमारत की हालत खराब होती जा रही है। बिल्डिंग और बाउंड्री की सीमेंट झड़ने लगी है।एसडीएम संजय कुमार समेत कई अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी कई बार यहां आ चुके हैं। लेकिन अभी तक इमारत की देखरेख के लिए किसी को जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है।इस विद्यालय में जिन छात्राओं का एडमिशन हुआ है, वे किसी अन्य वित्त पोषित विद्यालय में पढ़ रही हैं।विद्यालय की प्रधानाचार्या को पहले से ही दो अन्य विद्यालयों का चार्ज है। उनका कहना है कि इस विद्यालय से जुड़े कई मामले अभी लंबित हैं। यहां अध्यापकों का चयन भी नहीं हुआ है।

हाथरस में एक महिला के साथ बच्चा पैदा करने की दवा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

हाथरस में एक महिला के साथ बच्चा पैदा करने की दवा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। एक व्यक्ति ने खुद को जिला अस्पताल का कर्मचारी बताकर एक महिला को मथुरा ले गया। वहां उसने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र की है।पीड़िता ने बताया कि वह संतान नहीं होने की समस्या से जूझ रही है। दो दिन पहले वह जिला अस्पताल गई थी। वहां एक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया। उसने बच्चा पैदा करने की दवा दिलाने का झांसा दिया। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसको ट्रेन से मथुरा ले गया। उससे 5 हजार रुपए भी ले लिए। मथुरा में आरोपी ने महिला को एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया।महिला किसी तरह उसके चंगुल से भाग निकली। पीड़िता के पास आरोपी का मोबाइल नंबर है। जिला अस्पताल में महिला की आरोपी से फोन पर बातचीत भी हुई। उसकी वहां भी इस व्यक्ति से फोन पर हॉट टॉक हुई। पीड़िता और उसके पति ने पुलिस में शिकायत करने का फैसला किया है। पीड़िता का पति भेलपुरी की रेहड़ी चलाता है।

हाथरस सत्संग हादसा : केवल 69 पुलिसकर्मी लगाए, सेवादारों के भरोसे छोड़ दी थी तीन लाख की भीड़

हाथरस के सिकंदराराऊ सत्संग हादसे में हर स्तर पर लापरवाही बरती गई थी। न कोई निरीक्षण किया और न ही गंभीरता से जांच कराई, एलआईयू की रिपोर्ट की भी अनदेखी की गई और कार्यालय में बैठकर अनुमति जारी कर दी थी। सत्संग में ढाई से तीन लाख की भीड़ जुटी, तब भी पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की नींद नहीं टूटी। मात्र 69 पुलिस कर्मी लगाए गए थे, इन्हें सत्संग पंडाल के बाहर लगाया गया था। पंडाल के अंदर भीड़ नियंत्रण की पूरी व्यवस्था सेवादारों के भरोसे छोड़ दी गई थी। दो जुलाई को सुबह से ही लोग सत्संग पहुंचना शुरू हो गए थे। हाथरस ही नहीं, आसपास के जिलों अलीगढ़, एटा, कासगंज, मैनपुरी और हरियाणा व राजस्थान से लोग पहुंचे। ढाई से तीन लाख लोगों की भीड़ जुट गई थी। तब भी अफसरों ने गंभीरता नहीं दिखाई गई। बरसात का मौसम था, दो जुलाई को उमस व गर्मी थी। अंदर पंखों या कूलर की व्यवस्था नहीं थी। करीब ढाई से तीन घंटे तक लोग ऐसे दमघोटू माहौल में पंडाल के अंदर सत्संग में भोले बाबा का प्रवचन सुनते रहे। सत्संग समाप्त होते ही एक साथ लोग खड़े हो गए और वे निकलकर खुले में जाकर सांस लेना चाहते थे। इसी आपाधापी मची और पुलिस पंडाल से बाहर तैनात थी, अंदर की व्यवस्था पूरी तरह से सेवादारों के हाथ में थी, उन्हें भीड़ नियंत्रण का कोई अनुभव नहीं था। इसी दौरान भोले बाबा का काफिला निकलने लगा तो सेवादारों ने उन्हें रोक दिया। भीड़ का दबाव गैलरी की ओर बढ़ा तो उन्होंने लोगों को लाठियों से धकियाकर रोक दिया। काफिले के निकलते ही वह पीछे हट गए और भगदड़ मच गई, पंडाल के बाहर सड़क की ओर बनी खाई में पानी भरा था और फिसलन थी। लोग गिरते गए और कुचलते गए। 121 लोगों की हादसे में जान चली गई।न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में साजिश की संभावना से इन्कार नहीं किया गया है। क्या कमियां रहीं, क्या सावधानी बरतनी चाहिए, इसका उल्लेख किया गया है। आगे किस तरह से सत्संग का आयोजन किया जाना है, भविष्य में आयोजनों में सुझावों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। पूरी तरह से कानून का पालन करेंगे। अभी पूरी रिपोर्ट का अध्ययन किया जाएगा।न्यायिक जांच आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अनुमति देने में गंभीरता नहीं बरती गई। सत्संग के आयोजक देव प्रकाश मधुकर ने 18 जून 2024 को उप जिलाधिकारी सिकंदराराऊ से मानव मंगल मिलन समागम कराने के लिए अनुमति मांगी थी। इसमें उन्होंने 80 हजार लोगों की भीड़ एकत्रित होने की संभावना जताई थी। इस पर एसडीएम ने सीओ और एसएचओ से जांच कर स्पष्ट आख्या मांगी थी। इंस्पेक्टर सिकंदराराऊ आशीष कुमार सिंह ने 29 जून 2024 को अपनी आख्या में एक लाख लोगों की भीड़ जुटने की संभावना जताई। एलआईयू ने अपनी रिपोर्ट में दो लाख की भीड़ जुटने का अनुमान लगाते हुए रिपोर्ट दी। इसके बाद भी एक एसएचओ, चार इंस्पेक्टर, छह दरोगा, दो महिला दरोगा,चार ट्रैफिक पुलिस कर्मी और डेढ़ सेक्शन पीएसी सहित कुल 69 पुलिस कर्मी ही लगाए गए थे। 55 पुलिसकर्मी और एक प्लाटून पीएसी की भी अतिरिक्त मांग की गई थी, लेकिन यह नहीं मिली थी।सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई। पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ 3200 पेज की चार्जशीट दाखिल की है, इसमें 676 गवाह बनाए गए हैं। मुख्य आरोपी देव प्रकाश मुधकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी, मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह,संजू कुमार, राम प्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार, दलवीर सिंह के खिलाफ न्यायालय में मामला चल रहा है। इनमें से आठ आरोपियों की जमानत हो चुकी हैं। तीन आरोपियों देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह व मुकेश की जमानत याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।हाथरस सत्संग हादसे के बाद प्रदेश की सियासत गर्मा गई थी और विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। हादसे के बाद स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक सहित दो मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी को तुरंत हाथरस भेज दिया गया था। अगले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं हाथरस पहुंचे थे। महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा शर्मा भी हाथरस पहुंची थी। तीन दिन बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी हाथरस पहुंचकर मृतकों के परिजनों और घायलों से मिले थे। विपरीत – गाड़ियों को पार्किंग में खड़ा करने की व्यवस्था नहीं थी।

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एक ग्रामीण की संदिग्ध हालात में मौत

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एक ग्रामीण की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव श्यामपुर मा. निकपुर गांव के 55 वर्षीय राजवीर सिंह का पुत्र नंदलाल सिंह शव अगसौली कपासिया मार्ग के किनारे मिला है। रा. जवीर सिंह खेती–बाड़ी कर जीवन यापन करते थे। राजवीर सिंह सोमवार को बैंक से पैसे निकालने की बात कहकर घर से निकले थे। वह वापस नहीं लौटे।परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मृतक किसानी से अपना जीवन यापन करते थे। उनके बेटे रमेश ने अपने पिता को हत्या की आशंका जताई है। हालांकि रमेश का यह भी कहना है कि उनके पिता की किसी से रंजिश नहीं थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। राजवीर सिंह ने अन्य परिवार के लोगों के अलावा अपने पीछे पांच संतानों को बिलखते छोड़ा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

होली से पहले 84 एटीएम में भरे जाएंगे 16 करोड़, मार्च में नौ दिन बैंक रहेंगी बंद

होली पर नकदी की कमी से ग्राहकों को परेशानी न हो, इसकी तैयारी बैंकों ने अभी से शुरू कर दी है। त्योहार की छुट्टियों से पहले 12 मार्च को जिले के करीब 84 एटीएम में करीब 16 करोड़ रुपये जमा कर दिए जाएंगे। इसके लिए कैश डालने वाली एजेंसियों को भी निर्देशित कर दिया गया है।बैंक अधिकारियों का कहना है कि सामान्य दिनों में हम करीब नौ करोड़ रुपये बैंक के एटीएम में डालते हैं, लेकिन त्योहार को देखते हुए इस रकम को बढ़ाकर पूरी क्षमता के साथ करीब 16 करोड़ रुपये तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही बैंकों ने अपने डिजिटल भुगतान व ऑनलाइन सेवाओं को भी बेहतर रखने की व्यवस्था की है।एटीएम में नकदी जमा किए जाने का निर्णय बैंक के शाखा प्रबंधक का होता है। इसका हमसे कोई संबंध नहीं है, फिर भी आम जन की सुविधा के लिए हमने सभी बैंक को नकदी की कमी न होने देने के लिए एटीएम को दुरुस्त रखने व त्योहार से पहले पर्याप्त नकदी डाले जाने के लिए निर्देशित किया है।—जौबी थॉमस, लीड बैंक मैनेजर, हाथरस।डिजिटल लेनदेन अधिक करने की अपीलबैंकों ने ग्राहकों से नकदी की बजाय ज्यादा से ज्यादा डिजिटल लेनदेन करने की अपील की है। बैंकों की ओर से ग्राहकों को इसके लिए संदेश भी भेजे जा रहे हैं, क्योंकि होली पर पिछली बार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। जिले भर के एटीएम को त्योहार से पहले दुरुस्त करने की कवायद की जा रही है। वर्तमान में जिले में करीब आठ एटीएम खराब पड़े हैं। बैंकों के प्रबंधकों को लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से निदेशित किया गया है कि वह त्योहार से पहले अपने एटीम को दुरुस्त करा लें, ताकि त्योहार पर आम लोगों को इनसे नकदी की निकासी करने में असुविधा न हो।मार्च माह में बैंकों के कुल नौ अवकाश हैं। इसमें 02 मार्च को साप्ताहिक अवकाश रविवार, आठ मार्च को दूसरा शनिवार, नौ मार्च को रविवार, 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को धुलेंडी, 16 मार्च को रविवार, 22 मार्च को दूसरे शनिवार, 23 मार्च को रविवार और 30 मार्च को रविवार का अवकाश शामिल है।

13 मार्च को रात्रि 11:26 बजे से 12:30 बजे तक जलेगी होली, सात दिन पहले लगेंगे होलाष्टक

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की तिथि का आरंभ 13 मार्च को सुबह 10रू35 बजे से होगा। यह तिथि 14 मार्च को दोपहर 12: 23 बजे तक रहेगी। ऐसे में होलिका दहन का मुहूर्त 13 मार्च को रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में होलिका दहन के लिए कुल 1 घंटे 4 मिनट का समय मिलेगा।इस बार हाथरस शहर में होलिका दहन के लिए 13 मार्च को रात्रि 11रू26 बजे से 12रू30 बजे तक मुहूर्त रहेगा। सात मार्च को होलाष्टक के साथ शुभ कार्य बंद होंगे। 17 मार्च को बासोड़ा पूजन होगा।शहर के धार्मिक विद्वानों का कहना है कि फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की तिथि का आरंभरू 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे से होगा। यह तिथि 14 मार्च को दोपहर 12:23 बजे तक रहेगी। ऐसे में होलिका दहन का मुहूर्त 13 मार्च को रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में होलिका दहन के लिए कुल 1 घंटे 4 मिनट का समय मिलेगा। शास्त्रों के अनुसार होलाष्टक के आठ दिन अशुभ माने जाते हैं। इसी अवधि में भक्त प्रह्लाद को उनके पिता हिरण्य कश्यप ने यातनाएं दी थीं।हिंदू पंचांग के अनुसार होलिका दहन हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होता है। इसके अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है। होली के उत्सव के साथ–साथ होलिका की अग्नि में सभी नकारात्मक शक्तियों का नाश किया जाता है।—आचायसीपूजीमहाराज, विद्वान।सनातन धार्मिक शास्त्रों के अनुसार होलाष्टक के समय सभी आठ ग्रह अशुभ माने जाते हैं। इस समय ग्रहों की स्थिति शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं मानी जाता है। इस दौरान किए गए कार्य केवल बाधाएं उत्पन्न करते हैं।—आचार्य पंकज शास्त्री, विद्वान।सात मार्च से लगेंगे होलाष्टक, शुभ कार्य होंगे निषेधपंचांग के अनुसार इस वर्ष 2025 में होलाष्टक की शुरुआत सात मार्च से हो रही है। इसका समापन 13 मार्च को होलिका दहन के साथ होगा, इसलिए होलाष्टक के दौरान कोई भी शुभ कार्य करना निषिद्ध है। होलाष्टक के दौरान विष्णु सहस्त्रनाम, हनुमान चालीसा या महामृत्युंजय मंत्र का जाप शुभ फलदायी माना जाता है। इस दौरान जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन का दान करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। पितरों की शांति के लिए तर्पण करना भी लाभकारी होता है। होलाष्टक के दौरान नए मकान, दुकान या किसी नए व्यापार की शुरुआत करना शुभ नहीं माना जाता है।विद्वानों की मानें तो इस साल 14 मार्च को होली खेले जाने के बाद बासोड़ा का पूजन 17 मार्च को होगा। पुलिस प्रशासन की ओर से दोनों पर्वों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी की जा रही है।



हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद अनूप प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई

हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद अनूप प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं उठाईं. ।जनप्रतिनिधियों ने जर्जर सड़कों की मरम्मत, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की उपलब्धता और पाइपलाइन के बाद सड़कों की मरम्मत का मुद्दा उठाया। साथ ही विद्युत कनेक्शन, बिजली आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर की उपलब्धता और ट्यूबवेल बिलों की माफी जैसी समस्याएं भी रखीं।सांसद ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट जनप्रतिनिधियों को लिखित रूप में देने को कहा। लोक निर्माण विभाग को खराब सड़कों की मरम्मत का आदेश दिया। जल निगम को जल जीवन मिशन की ब्लॉकवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।सांसद ने विद्युत विभाग को लंबित कार्यों को तुरंत पूरा करने और समाज कल्याण विभाग को पात्र व्यक्तियों को पेंशन देने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, एमएलसी मानवेंद्र सिंह, विधायक अंजुला माहौर, विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, विधायक प्रदीप कुमार, ब्लॉक प्रमुख मुरसान रामेश्वर उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

सभागार
कलेक्ट्रेट - हाथरस

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में एक प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में एक प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे जलेसर रोड पर नगला डांडा और जरेरा के बीच हुई। मृतक की पहचान एटा के अवागढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव बोरा खुर्द निवासी विपिन (24) पुत्र गजाधर के रूप में हुई है।विपिन अपनी मौसी के गांव कोंडरा से घर लौट रहा था। जरेरा के पास पहुंचते ही सामने से आ रही प्राइवेट बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस में फंस गई और काफी दूर तक घसीटती चली गई।हादसे में विपिन की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। गुस्साए लोगों ने बस पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए। सूचना पाकर जरेरा चौकी प्रभारी अरविंद यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को घटना की सूचना दी।

डीएम ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों की निकाली लॉटरी

योजना के तहत 09 पुरूष एवं 26 महिला गौपालकों का हुआ चयन

अलीगढ़ : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित की गई। योजना में 35 पुरूष आवेदकों के सापेक्ष 09 एवं 51 महिला आवेदकों में से 26 महिला गौपालक लाभार्थियों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सरकार खेती–बाड़ी में लगे किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के लिए गंभीर है। सरकार चाहती है कि उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों का संवर्धन हो और दुग्ध उत्पादन बढ़े। जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में उन्नत नस्ल की गाय खरीदने वालों को भरपूर सब्सिडी दी जा रही है। योजना में राजस्थान एवं हरियाणा की साहीवाल, थारपारकर एवं गीर नस्ल की गायों के पालन पर विशेष बल दिया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी के माध्यम से चयनित गौपालक स्वयं या विभाग के माध्यम से राजस्थान या हरियाणा पहुॅचकर उन्नत नस्ल की गाय खरीदेंगे। योजना में 02 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय की इकाई स्थापना के लिए 80 हजार रूपये तक का अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। डीएम ने सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी को निर्देशित किया कि वह चयनित गौपालकों को स्थानीय जलवायु को ध्यान में रखते हुए साहीवाल एवं थारपारकर ब्रीड की गाय लाने के लिए प्रेरित करें। यह

देखने में आकर्षक होने के साथ ही दुग्ध उत्पादन में भी बेहतर है। इसके साथ ही उन्होंने गायों की पोषण प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीओ आलोक आर्य, एडी इफोर्मेशन संदीप कुमार, डीएसटीओ चन्द्रभान चौधरी समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अलीगढ़ : खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग उत्पादन के लिए गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का भव्य आयोजन आईटी लैब, राजकीय औद्यौगिक संस्थान में किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम द्वारा की गयी, शिविर में शिक्षारत छात्र एवं छात्राओं द्वारा भाग लिया गया।जागरूकता शिविर में क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम के मंत्री संतोष कुमार मिश्रा, जन सेवा खादी आश्रम के मंत्री आरके शर्मा के द्वारा खादी उत्पाद व खादी के वस्त्रों के महत्व, उपयोगिता एवं खादी के इतिहास के बारे में विस्तृत जारकारी दी गयी। जागरूकता शिविर में क्षेत्रीय निदेशक इग्नू के डायरेक्टर डा अजय वर्धन आचार्य द्वारा उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को इग्नू विश्वविद्यालय व अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी।जागरूकता शिविर में राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य का राजेश गौतम व कार्यदेशक हुकुम सिंह का विशेष सहयोग रहा। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम ने शिविर में उपस्थित समस्त छात्र–छात्राओं व उपस्थित लोगों को धन्यवाद देकर जागरूकता शिविर के समापन किया गया।

भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्डों में लगेंगे पंजीकरण शिविर

अलीगढ़ः सहायक निदेशक सेवायोजन डा0 पीपीसी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए अभ्यर्थियों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत रोजगार दिए जाने के लिए 07 से 18 मार्च तक विकास खण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 07 मार्च को विकासखण्ड कार्यालय खैर, 08 मार्च को जवां, 10 मार्च को अकराबाद, 11 मार्च को इगलास, 17 मार्च को बिजौली, 18 मार्च को बिजौली विकासखण्ड कार्यालय पर पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व विधायक विवेक बंसल ने किया . श्रीमदभागवत कथा का श्रवण

अलीगढ़ ।विकास खंड धनीपुर के ग्राम जुल्लुपुर सिहौर में पिछले कई दिनो से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है जबकि कथा व्यास राहुल श्री कृष्ण के आमंत्रण पर पूर्व विधायक विवेक बंसल ग्राम जुल्लुपुर सिहौर पहुंचे और कथा स्थल पर पहुंचकर उन्होंने कथा व्यास की स्तुति करते हुए गोवर्धन लीला की कथा का श्रवण किया।इस अवसर पर यहां महेश उपाध्याय,अरविंद पाठक,इंद्र कुमार वार्ष्णेय,पंडित सत्यप्रकाश शास्त्री, तेजपाल शास्त्री,कमल कुमार पाठक, मोर मुकुट वार्ष्णेय आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

457 शराब एवं 13 भांग की दुकानों का .ई–लॉटरी के माध्यम से हुआ आवंटन

अलीगढ़ : सीईओ ग्रेटर नोएडा एवं जिला नोडल अधिकारीध्आब्जर्बर रवि कुमार एन. जी., जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कृष्णांजलि सभागार में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आबकारी विभाग–अलीगढ़ अंतर्गत 471 शराब की दुकानों का आनलाईन ई–लॉटरी पोर्टल के द्वारा सफलतापूर्वक आवंटन किया गया।एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि 265 देशी शराब दुकानों के सापेक्ष 2098 आवेदन, 12 मॉडल शॉप के लिए 122 आवेदन, 181 कम्पोजित दुकानों के लिए 2268 एवं 13 भांग की दुकानों के लिए 24 आवेदन ऑनलाईन किए गए थे। कृष्णांजलि सभागार में आवेदकों के समक्ष आनलाईन ई–लॉटरी पोर्टल के द्वारा 264 देशी शराब, 181 कम्पोजिट, 12 मॉडल

शॉप एवं 13 भांग की दुकानों का शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी ढंग से आवंटन किया गया। जिला आबकारी अधिकारी डी0के0 गुप्ता ने बताया कि देशी शराब की एक दुकान को छोड़कर समस्त दुकानों का व्यवस्थापन सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त आवंटन सूची को जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कलक्ट्रेट, जिले की बेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस अवसर पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य कुलदीप मिश्रा, डीआईओ एनआईसी विमल कुमार, आबकारी निरीक्षक समेत आवेदन कर्ता उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने शूटिंग रेंज चंदौखा का किया निरीक्षण

अलीगढ़जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा गुरूवार को शूटिंग रेंज चंदौखा का निरीक्षण किया गया। मुख्य प्रशिक्षक नरेन्द्र मोहन सक्सेना ने बताया कि शूटिंग रेंज में अब तक कुल 50 पंजीकरण हुए हैं जबकि वर्तमान में लगभग 08–10 नियमित एवं अनियमित प्रशिक्षणार्थी आते हैं। डीएम ने 25 व 50 मीटर राइफल रेंज के उच्चीकरण के लिए एडीएम सिटी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएम ने भी राइफल से लक्ष्य पर निशाना साधा जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण शूटिंग रेंज परिसर का निरीक्षण करते हुए एडीएम सिटी को निर्देशित किया कि रेंज की बेहतरी के लिए विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव तैयार करें। डीएम ने मुख्य प्रशिक्षक के अनुरोध पर एडीएम को 25 व 50 मीटर राइफल रेंज के उच्चीकरण के लिए आरईडी से जल्द से जल्द आगणन तैयार कराने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

अलीगढ़ माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 08 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे– फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर बाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे–छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय

संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत वादकारीगण से अपेक्षा है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हों तो अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

इंस्पायर अवार्ड योजना हो या फिर विज्ञान के लिए राष्ट्रीय स्तर का अवसर, हर जगह पर हो रही अलीगढ़ की प्रतिभागिता

अलीगढ़ : विज्ञान की दुनिया में अलीगढ़ के युवा देश दुनिया में नाम कमा रहे हैं। इंस्पायर अवार्ड योजना हो या फिर विज्ञान के लिए राष्ट्रीय स्तर का अवसर प्रत्येक जगह पर अलीगढ़ की प्रतिभागिता हो रही है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में जिले के 152 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है। प्रत्येक चयनित बाल वैज्ञानिकों को केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मॉडल बनाने के लिए 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना चलाई जा रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान के तत्वावधान में संयुक्त रूप से कक्षा छह से 10 तक पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए नवाचार आधारित योजना में इस वर्ष जिले के 152 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। विज्ञान आधारित मौलिक विचारों को चयनित करके भौतिक रूप में योजना के तहत कक्षा छह से 10 तक के लगभग बच्चों ने करवाया था, पंजीकरण में बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों की संख्या भी है, मॉडल बनाने के लिए प्रत्येक बच्चे को 10 हजार की धनराशि खातों में पहुंचाई जाएगी।जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक एवं इंस्पायर अवार्ड प्रभारी राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि इंस्पायर्ड अवार्ड योजना का आयोजन डीएसटी और राष्ट्रीय नवप्रर्वतन प्रतिष्ठान द्वारा किया जाता है। इसे पीएम द्वारा शुरू किए स्टार्ट अप इंडिया के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम में देशभर के सभी निजी और सरकारी स्कूलों के छात्रों के मौलिक विचारों और नवप्रवर्तनों को आमंत्रित किया जाता है। इंस्पायर योजना में 4428 छात्र और छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था, इनमें से 152 का चयन हुआ है, योजना में किसान, श्रमिक, कारीगरों व दुकानदारों की रोजमर्रा की समस्याओं पर काम करने वाले मौलिक विचारों को चयन में वरीयता दी जाती है। लाभान्वित होने वाले सभी बच्चे अपने बैंक खातों को क्रियाशील रखें और प्राप्त धनराशि का उपयोग मॉडल को बनाने में करें। जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार गिरि अलीगढ़ मंडल, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह इंस्पायर अवार्ड योजना प्रभारी राजीव कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार सिंह ने सभी चयनित छात्र और छात्राओं को बधाई दी और कहा कि अब चयनित बच्चों को मार्गदर्शन देने और उनकी क्षमताओं में निखार लाने का कार्य करे। हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक चयन और पुरस्कार दिलाने का होना चाहिए,हम सभी को विश्वास है कि हमारी टीम बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में योगदान देगी।

जमालपुर ऑटोमेटिक डलाव घर का हुआ शुभारंभ, जमालपुर क्षेत्रवासियों को महापौर की बड़ी सौगात

अलीगढ़ ।नगरीय क्षेत्र में साफ सफाई और सड़कों को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत महापौर प्रशांत सिंघल के सार्थक प्रयासों से जमालपुर क्षेत्र में बरसो से बंद पड़े ऑटोमेटिक कचरा डलाव घर को क्रियाशील करने की सफलता नगर निगम को मिल गयी है ।वहीं गुरुवार को महापौर प्रशांत सिंघल की अगुवाई में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, क्षेत्रीय पार्षद असलम नूर जीनस जीशान अहमद,एसएफआई प्रदीप पाल,अर्बन कंपनी के प्रबंधन हैड एहसान सैफी, मीडिया सहायक अहसान रब,अर्बन कम्पनी से रितेश,गोपाल गोयल,अंकुर भदौरिया,मनोज और डॉ.तरुण शर्मा व स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में ऑटोमेटिक डलावघर का शुभारंभ रिबन काटकर व बटन दबाकर किया गया ।इस अवसर पर महापौर ने ऑटोमेटिक कचरा डलावघर में आने वाले कचरे को मैकेनिकल कचरा कैप्सूल में कॉप्रेस होते हुए देखा और अर्बन कम्पनी से इसकी कार्यक्षमता की जानकारी ली ।महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया नगर निगम अलीगढ़ का प्रयास खुले में जगह–जगह पड़े हुए कचरे के प्वाइंटों को

विलोपित करने का है इस दिशा में नगर निगम द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं पहले चरण में अर्बन कंपनी के सहयोग से नगर निगम द्वारा जमालपुर ऑटोमेटिक कचरा डलाव घर की भांति सात अन्य जगह भी ऑटोमेटिक कचरा डलाव घर का निर्माण किया जा रहा है ।निश्चित रूप से सभी शहर वासियों के सकारात्मक सहयोग और सोच से आने वाले समय में शहर की सड़क कचरा मुक्त बनेगी ।अर्बन कम्पनी के प्रबंधन हैड एहसान सैफी ने बताया कि जमालपुर कचरा पॉइंट पर लगभग प्रतिदिन 60 टन कचरा आता है वैज्ञानिक तरीके से इसके निस्तारण के लिए जमालपुर में बंद पड़े ऑटोमेटिक कचरा डालावघर को अर्बन कंपनी द्वारा चालू किया गया है पहले चरण में इसमें दो कंपैक्टर(कैप्सूल) 10–10 टन की क्षमता के रहेंगे 1 कंपेक्टर स्टैंडबाई में रहेगा–लगभग 20 टन कचरा सीधे इन दोनों कंपैक्टर में जाएगा शेष बचे 40 टन कचरे को कंपैक्टर में डालने के लिए इस ऑटोमेटिक कचरा डलाव घर की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए तीन और कंपैक्टर के लिए इसका स्वरूप बड़ा करने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है ।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा 7 स्थान पर और ऑटोमेटिक कचरा डलाव घर बनाए जा रहे हैं जिनमे ओजोन सिटी पर तीन बरौला पर दो कमेला रोड पर तीन शाह जमाल ईदगाह पर तीन धोर्रामाफी में तीन और सारसौल साल पर दो मशीन लगाई जाएगी।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय दिव्यांग विद्यालय में 08 मार्च को ट्राईसाइकिल होंग वितरित

अलीगढ़ः जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा 08 मार्च को दोपहर 12 बजे से तालानगरी स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय दिव्यांग विद्यालय में दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाइकिल वितरित की जाएंगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए सभी चयनित लाभार्थियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर लाभान्वित हों।

कासगंज : एक माह से अधिक समय तक नहीं हो सकेंगे मांगलिक कार्य, जानें वजह

कासगंजरू होली से आठ दिन पहले फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को होलाष्टक लग जाते हैं, जो होलिका दहन तक रहते हैं। इस अवधि में सभी मांगलिक कार्यों को वर्जित बताया गया है। इस अवधि में जप–तप करना, भगवान विष्णु, हनुमान और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है।इस अवधि में सनातन संस्कृति में आने वाले सोलह संस्कारों जैसे विवाह संस्कार, नामकरण संस्कार, उपनयन, जनेऊ, मुंडन व छेदन संस्कार आदि के साथ–साथ भूमि पूजन, गृह निर्माण एवं प्रवेश, नवीन प्रतिष्ठान का शुभारंभ, नया वाहन खरीदना आदि शुभ एवं मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए। आचार्य पं. दिवाकर पचौरी ने बताया कि अपरिहार्य स्थिति में केवल त्रयोदशी संस्कार किया जा सकता है।पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त प्रह्लाद पर उनके पिता, असुर हिरण्यकश्यप ने भगवान की भक्ति करने पर अपने पुत्र को तरह–तरह की प्रताड़नाएं दी थीं और फाल्गुन पूर्णिमा के दिन आग में जलाने का प्रयास किया था। जिस कारण ग्रहों की स्थिति उग्र बन गई।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, होलाष्टक के दौरान अलग–अलग तिथियों में नवग्रहों में से आठ ग्रह उग्र अवस्था में रहते हैं।अष्टमी तिथि को चंद्रमानवमी को सूर्य दशमी तिथि पर शनि एकादशी को शुक्र ग्रह द्वादशी को गुर त्रयोदशी को बुधचतुर्दशी को मंगल पूर्णिमा तिथि को राहु की अवस्था उग्र रहती है। होलाष्टक की अवधि में किए गए किसी भी शुभ कार्य पर इन सभी ग्रहों का बुरा असर पड़ता है। इसलिए इन दिनों में सभी शुभ कार्य करना निषेध माना गया है।आचार्य पंडित दिवाकर पचौरी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी की शुरुआत गुरुवार 6 मार्च को सुबह 10रू52 बजे से हो रही है, जो अगले दिन शुक्रवार 7 मार्च को प्रातः 9रू19 बजे समाप्त होगी।उदया तिथि प्रभावी होने के कारण होलाष्टक शुक्रवार 7 मार्च से माने जाएंगे, जो 13 मार्च तक रहेंगे। 13 मार्च की रात्रिबेला में होलिका दहन के साथ ही होलाष्टक समाप्त हो जाएंगे। तत्पश्चात 14 मार्च से मलमास प्रारंभ होगा, जो 13 अप्रैल को समाप्त होने के बाद ही वैवाहिक कार्य शुरू होंगे।पहला दिन – शुक्रवार, 7 मार्च 2025दूसरा दिन – शनिवार, 8 मार्च 2025तीसरा दिन – रविवार, 9 मार्च 202चौथा दिन – सोमवार, 10 मार्च 2025 पांचवां दिन – मंगलवार, 11 मार्च 2025छठा दिन – बुधवार, 12 मार्च 2025 सातवां एवं आठवां दिन – गुरुवार, 13 मार्च 2025

कासगंज जिले में गुरुवार को डीएम मेधा रुपम की अध्यक्षता में शराब और भांग की 194 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया

कासगंज जिले में गुरुवार को डीएम मेधा रुपम की अध्यक्षता में शराब और भांग की 194 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। इन दुकानों के लिए कुल 2059 लोगों ने आवेदन किए, जिससे सरकार को 11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।जिला आबकारी अधिकारी मो. हम्मद शब्बीर ने बताया कि इस आवंटन में अंग्रेजी शराब, देशी शराब और भांग की दुकानें शामिल हैं। आवेदन फीस वापस नहीं की जाती है और यह राशि सरकार के खाते में जमा होती है। दुकानों की लाइसेंस फीस इससे अलग है, जो बाद में वसूली जाएगी।आबकारी विभाग ने क्षेत्र के अनुसार अलग–अलग आवेदन शुल्क निर्धारित किया है। देशी शराब के लिए नगर पालिका क्षेत्र में 50 हजार, नगर पंचायत में 45 हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार रुपये का शुल्क रखा गया।भांग की दुकान में 25 हजार था शुल्क कम्पोजिट दुकानों के लिए नगर पालिका क्षेत्र में 75 हजार, नगर पंचायत में 65 हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 55 हजार रुपये निर्धारित किए गए। मॉडल शॉप के लिए नगर पालिका क्षेत्र में 80 हजार और नगर पंचायत में 70 हजार रुपये का शुल्क तय किया गया। भांग की दुकानों के लिए 25 हजार रुपये का आवेदन शुल्क रखा गया

कासगंज: इंस्पायर अवार्ड मानक योजना . में जनपद के 60 विद्यार्थी चयनित

कासगंज रू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत जनपद में 60 विद्यार्थियों के आइडिया भारत सरकार द्वारा चयनित किए गए हैं। 2133 विद्यार्थियों के आइडिया को पोर्टल पर अपलोड कराया गया है।जिला विज्ञान क्लब समन्वयक डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि चयनित हुए सभी छात्र–छात्राओं के बैंक खाते में 10–10 हजार रुपए की धनराशि शीघ्र स्थानांतरित की जा रही है। कक्षा 6 से 10 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत विज्ञान मॉडल बनाने के लिए यह धनराशि भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। जिन विद्यार्थियों के आइडिया सर्वश्रेष्ठ होते हैं, उन्हें शीर्ष वैज्ञानिकों द्वारा चिन्हित कर चयन किया जाता है।जनपद में जिला विज्ञान क्लब एवं इंस्पायर अवार्ड की पूरी टीम द्वारा सहयोग किया गया। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सातों ब्लॉकों में कार्यशालाएँ आयोजित कराई गईं, जिसके कारण जनपद को यह सफलता हासिल हुई है। चयनित सभी 60 विद्यार्थी जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अपने–अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे।विद्यार्थियों के चयनित होने पर जिलाधिकारी मेधा रूपम, सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने सभी चयनित छात्र–छात्राओं, विज्ञान अध्यापकों और उनके प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

कर्ज न चुकाने वालों से वसूली करेगा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

एटा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने ऋण प्राप्त किया। बाद में इसे नहीं चुकाया। इनसे विभाग बकाया ऋण की वसूली करेगा।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया है कि 1996 से 15 फरवरी 2008 तक सरकार द्वारा टर्मलोन की योजना अल्पसंख्यक वर्ग के लिए संचालित की गई थी। इसमें व्यवसाय करने के लिए अल्पसंख्यक विभाग द्वारा ऋण दिलाया गया था। लाभार्थियों ने समय–सीमा के अंदर अपने ऋण का भुगतान नहीं किया। इस संबंध में शासन से 10 बकायेदारों की सूची भेजी गई है।इसके अलावा एटा और कासगंज के 234 बकायेदार लाभार्थी हैं जिन्होंने समय–सीमा के अंदर भुगतान नहीं किया है। इनकी धनराशि 35731796 रुपये है। बताया कि सभी बकायेदारों को विभाग द्वारा उनके पते पर नोटिस भेजे गए, लेकिन उनके पते पर उनके नाम का कोई व्यक्ति न रहने की बात सामने आई। इस तरह के लोग कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कार्यालय पर आकर संपर्क कर सकते हैं।

जिले में गुरुवार की सुबह खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने शहर के कचरी, चिप्स, पापड़ के गोदामों पर छापेमारी कर हजारों रुपये की कीमत के चिप्स और पापड़ बरामद

कासगंज : जिले में गुरुवार की सुबह खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने शहर के कचरी, चिप्स, पापड़ के गोदामों पर छापेमारी कर हजारों रुपये की कीमत के चिप्स और पापड़ बरामद किए। इस दौरान बड़ी मात्रा में एक्सपायरी डेट का सामान भी मिला। अधिकारियों के मुताबिक, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स के निर्माण में टेनरियों में इस्तेमाल होने वाले केमिकल का उपयोग किया जाता था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। साथ ही टीम ने दस नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त सुनील कुमार के निर्देश पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी आनंद देव ने शहर के छर्रा रोड स्थित गुलाबी नगला में सतीश के कचरी, चिप्स, पापड़ के गोदाम पर छापा मारा। वहां टीम ने कचरी, नमक, मैदा और रंग के नमूने संग्रहित कर 280 किलोग्राम रंगीन कचरी को जब्त किया, जिसकी कीमत 12,600 रुपये बताई जा रही है। इसके बाद टीम हिम्मतपुर सई में केशव के कचरी गोदाम पर पहुंची, जहां रंगीन कचरी और मैदा के नमूने लेकर 180 किलोग्राम कचरी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 8,100 रुपये है।आनंद देव ने बताया कि दस नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। यदि जांच में नमूने फेल हो जाते हैं, तो संबंधित कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हजारों रुपये का तैयार माल और एक्सपायरी माल सीज किया गया है। यहां पर कई ऐसे केमिकल पाए गए हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। इसकी गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष 2008 में कस्बा स्थित गामा देवी मंदिर की दीवार गिरने की सूचना पर हिंदूवादी भड़क गए, जमकर हंगामा

गंजडुंडवारा : वर्ष 2008 में कस्बा स्थित गामा देवी मंदिर की दीवार गिरने की सूचना पर हिंदूवादी भड़क गए थे। जमकर हंगामा हुआ था, जिसके बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर 12 लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया था। अब अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा निर्णय सुनाते हुए सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया है।वर्ष 2008 में कस्बे के मो. हल्ला घासी स्थित गामा देवी मंदिर की दीवार को दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा गिराए जाने पर हिंदूवादी आक्रोशित हो गए थे। दुकानें बंद हो गई थीं और जमकर हंगामा हुआ था। हिंदूवादी लोगों की भीड़ सड़कों पर उतर आई थी। मामले में पुलिस द्वारा 400 अज्ञात लोगों पर बलवा, पथराव, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जांच अधिकारी द्वारा पूर्व चेयरमैन राजीव गुप्ता सहित 12 लोगों पर भ्रामक अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित कर दिया गया था।जिसके बाद सभी आरोपी न्यायालय से जमानत पर थे और मामले में सुनवाई चल रही थी। आरोपियों की ओर से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट में सीनियर अधिवक्ता उपेंद्र मिश्रा द्वारा तथ्यात्मक पक्ष रखा गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुतोष कुमार शर्मा द्वारा पत्रावली में पर्याप्त साक्ष्य न होने के चलते संदेह का लाभ देते हुए सभी 12 आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने का आदेश सुनाया गया।आदेश सुनते ही मौजूद आरोपी पूर्व चेयरमैन राजीव गुप्ता, आशीष गुप्ता, विवेक गुप्ता, सचिन गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, संजीव कुमार विजय, गोविंद गुप्ता, प्रमोद, रवि गुप्ता और रिंकू गुप्ता ने न्यायालय के विवेकपूर्ण निर्णय पर आभार जताया और एक–दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

एटा में शराब दुकानों का ऑनलाइन आवंटन पूरा हुआ

एटा में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शराब दुकानों का ऑनलाइन आवंटन पूरा हो गया है। जनेश्वर मिश्र सभागार में मंडलायुक्त संगीता सिंह और जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में यह प्रक्रिया संपन्न हुई।आबकारी विभाग ने कुल 317 दुकानों का आवंटन ई–लॉटरी से किया। इनमें 202 देशी शराब की दुकानें शामिल हैं। जिनके लिए 1587 आवेदन प्राप्त हुए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 4 मॉडल शॉप के लिए 17 आवेदन मिले। 109 कम्पोजिट दुकानों के लिए 1032 आवेदन आए। भांग की 2 दुकानों के लिए 5 लोगों ने आवेदन किया।जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा के अनुसार, चयनित आवेदकों की सूची कलेक्ट्रेट स्थित जिला आबकारी कार्यालय और जनपद की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। साथ ही जनेश्वर मिश्र प्रांगण में भी सूची उपलब्ध है।कार्यक्रम में एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश और एएसपी राज कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कासगंज ,ढोलना हल्के तूफान से माफियाओं . की चांदी , काटे गए सैंकड़ों पेड़

कासगंज।जनपद कासगंज के ढोलना में बीते दिनों आया तूफान मानो लकड़ी माफियाओं के लिए वरदान से कम साबित नहीं हो रहा है।जहां एक ओर किसानों की फसलें नष्टोनाबूत हों गायी वहीं लकड़ी माफियाओं की चांदी चांदी हो गई । जहां न सिर्फ जर्जर पेड़ों को जड़ से साफ किया गया वहीं उनके वाहने स्वस्थ हरे पेड़ों का कटान भी किया जा रहा है ।जब इस बारे में वनविभाग कर्मचारियों से जानकारी ली गयी तो अपना गैर जिम्मेदाराना रबैया अपनाते हुए बताया कि साहब तूफान से टूट हुए पेड़ हैं किसी से कुछ नहीं कह सकते । जबकि लोगों का कहना है कि साहब आंधी में जितने पेड़ काटे गए छतिग्रष्ट हुए है उससे कई गुना स्वस्थ हरे खड़े पेड़ काटे जा रहे है जिससे न सिर्फ बीरना से लग रहा है अपितु पेड़ों की संख्या भी काफी कम हो रही है जिसकी शिकायत वन विभाग और पुलिस को कई बार की गयी है लेकिन इस पर लगाम नहीं लग पा रही है और अनियंत्रित तरीके से पेड़ों का कटान किया जा रहा है जिसका कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन यह काफी नुकसान देय है अगर यही होता रहा तो आने वाले समय में पेड़ों की संख्या काफी कम रह जाएगी और जिससे जलवायु पर भी असर पड़ेगा । वहीं वन विभाग आंधी को ढाल बना अपनी जिम्मेदारी से भाग समस्या गिना बेचारा सा बनने का प्रयास कर रहा है । लोगों का कहना है कि इस समय जो सबसे अधिक कटान किया जा रहा है वह ढोलना और सोरों क्षेत्र है जहां सबसे अधिक पेड़ काटे जा रहे है इसके अलावा गंजडुंडवारा और सिढ़पुरा क्षेत्र है जहाँ बिना परमीशन पेडोंनक कटान लगातार किया जा रहा ।

एटा के जलेसर कोतवाली में सगे बेटे बहुओं और पोतों के खिलाफ अपनी मां को जायदाद के खातिर जहर देखकर हत्या करने का मामला दर्ज हुआ

एटा के जलेसर कोतवाली में सगे बेटे बहुओं और पोतों के खिलाफ अपनी मां को जायदाद के खातिर जहर देखकर हत्या करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मृतका के एक पुत्र योगेंद्र पाल सिंह पुत्र श्यौराज सिंह निवासी सिलामई थाना जलेसर की लिखित तहरीर पर गम्भीर धाराओं में तीन बेटों, तीन बहुओं और तीन नातियों के खिलाफ षड्यंत्र के तहत खाने में जहर देकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है।घटना फरवरी 2023 की है। शिकायत कर्ता बेटे ने लिखित तहरीर बिसरा रिपोर्ट आने के बाद जलेसर कोतवाली में सौंप कर मामला दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह आगरा में रहकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई करवा रहा था। मां ज्यादातर मेरे पास रहती थी। कभी–कभी भाइयों के पास आती–जाती रहती थी।मां पवित्रा देवी पत्नी श्यौराज सिंह बुजुर्ग थी। इसलिए गुमराह करके सगे भाई रवेंद्र पाल सिंह, विजेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र पाल सिंह पुत्र श्यौराज सिंह ने अपने बच्चों के नाम गांव और शहर की वसीयत करवा ली। तभी मां ने जानकारी दी की उन्होंने वसीयत को खंडित करवाया है।लेकिन षड्यंत्र के तहत दबाव बनाकर मेरे भाई की तीनों पत्नियों भूरी देवी पत्नी रविंदर पाल, ज्ञान देवी नरेंद्र पाल, केला देवी पत्नी बिजेंद्र पाल ने दान पात्र लिखवाया। इसी दौरान उन्होंने मुझे बताया कि ये लोग मुझे मारने की प्लानिंग कर रहे है। क्योंकि उन्होंने ये कह दिया कि वह योगेन्द्र पाल के पक्ष में कोर्ट में बयान देंगी। कोर्ट में 17 फरवरी 2023 तय थी। लेकिन मेरे भाई और उनकी पत्नियों और तीन भतीजों बंटी, गौरव, अखिलेश ने मार दिया। मैंने तभी हत्या करने का शक जाहिर किया था। लेकिन पोस्टमॉर्टम के बाद बिसरा सुरक्षित कर लिया गया। रिपोर्ट आने का इंतजार करने को कहा गया। विसरा रिपोर्ट दो वर्ष के बाद आने के बाद मैंने लिखित तहरीर देते हुए जलेसर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।